## संपादकीय

# ज़बरा मारे और रोने भी न दे

कल पड़ोस में हनुमान जी के प्रसाद का आयोजन था। जीमने का कार्यक्रम थोड़ा देर से था, इसलिए नहीं गए। शाम को आठ बजे ही खाना खा लेने की आदत जो ठहरी। पड़ोसी भले हैं सो अगले दिन हमारे हिस्से का प्रसाद घर दे गए।

रात को थोड़ी ठंड पड़ने लग गई है। इसलिए हमने तोताराम का इंतज़ार किए बिना ही चाय पीने का मन बना लिया। कमरे में प्रसाद की कचौरी की महक फैली हुई थी, सो हमारा मन कचौरी पर फिसल गया। जैसे कि 'मी टू' वाले मामले में किसी सेलिब्रिटी का मन साथ काम करने वाली महिला पर फिसल जाता है। जैसे ही कचौरी का एक टुकड़ा मुंह में रखा, आवाज़ आई-मी टू। कहीं कोई तनुश्री या कंगना रानौत दिखाई नहीं दी। हां, तोताराम अवश्य दिखा।

हमने कहा-तुझे पता है तू क्या कह रहा है? क्या तेरे साथ भी बचपन में कोई हादसा हुआ था? बोला-यही तो समस्या है। तुम तो 'मी टू' के एक अर्थ से आगे सोचना ही नहीं चाहते। अरे इसका अर्थ यह भी तो हो सकता है कि हे मास्टर, अकेले-अकेले ही कचौरी खा रहा है। मुझे नहीं देगा क्या? वैसे इस प्रचलित अर्थ में भी क्या बुराई है। जो लोग अपने पद के नशे में महिलाओं पर अत्याचार करते रहे हैं, आज डरे हुए हैं। हमने कहा- लेकिन इतने वर्षों बाद इसकी जांच कैसे होगी? और फिर प्रमाण क्या हैं?

बोला-सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि एक महिला कह रही है। इस पितृ प्रधान समाज में लोक निंदा के भय से वह उसे दबाए रहती है। ऐसे मामलों में ही कहा गया है-ज़बरा मारे भी और रोने भी न दे। अच्छा हुआ कि एक आन्दोलन तो चला। पीड़िताओं में हिम्मत तो आई। इसके सच होने का यही प्रमाण है कि कई बड़े-बड़ों के चेहरे उतरे हुए हैं। हमने कहा-लेकिन इतने समय बाद यह कीचड़ उछालने से क्या फायदा?

बोला-सच में बड़ी ताकत होती है। लोग एक झूठ को छिपाने के लिए हजार झूठ बोलते हैं। एक बार समुद्र मंथन हो ही जाना चाहिए। मेरा तो सुझाव है कि एक बार हिम्मत जुटाकर सारी दुनिया के बड़ी से बड़ी गलती किए हुए लोग अपने-अपने दुष्कर्मों यथा-यहूदियों का कत्लेआम, गोरों द्वारा कालों पर अत्याचार, तलवार के जोर पर लोगों का धर्मान्तरण, बलात्कार, अपहरण, रिश्वत, चोरी, गुजरात और दिल्ली के दंगों के सभी अपराधी एक बार सच्चे मन से 'मी टू' की तरह 'वी टू' बोलने का साहस जुटा लें और नए सिरे से एक साफ-सुथरी दुनिया और कुंठाविहीन जीवन की शुरुआत करें।

हमने कहा-तोताराम, यही तो समस्या है। आत्ममुग्ध और हीरो बने हुए लोग अन्दर से इतने कायर हैं कि वे सच बोलने का साहस ही नहीं जुटा सकते। तभी महावीर कहते हैं-क्षमा वीरस्य भूषणं। क्षमा मांगना और क्षमा करना कायरों के बस का नहीं है। फिर भी हम तेरे इस अभियान के लिए सच्चे दिल से कहते हैं- आमीन।

# 50 करोड़ मोबाइल नंबर हो सकते हैं बंद, जियो उपभोक्ताओं पर ज्यादा खतरा

नई दिल्ली। देश भर के 50 करोड़ मोबाइल उपभोक्ताओं के नंबर बंद होने का खतरा है. यह खतरा उन मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए जिन्होंने कनेक्शन लेने के दौरान आधार कार्ड के अलावा कोई और दूसरा पहचान पत्र नहीं दिया है. ऐसे में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वाली लगभग आधी जनता को नई केवाईसी प्रक्रिया से गुजरना होगा. आधार वेरिफिकेशन के जरिए लिए गए इन सिम कार्ड को अगर किसी दूसरे आइडेंटिफिकेशन प्रक्रिया का बैकअप नहीं मिला, तो ये डिसकनेक्ट हो जाएंगे.यह समस्या सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद आई है, जिसमें कोर्ट ने किसी निजी कंपनी को किसी व्यक्ति के यूनिक आईडी का इस्तेमाल के लिए करने



पर रोक लगाई है. कोर्ट के इस फैसले के बाद केंद्र सरकार ने फैसला लिया है कि टेलीकॉम कंपनियों को नए सिरे से केवाईसी प्रक्रिया पूरा करने की मोहलत देगी.

खबर के मुताबिक बुधवार को टेलीकॉम सेक्रेटरी अरुण सुंदरराजन ने इस मामले में सेवाप्रदाता कंपनियों से मुलाकात की और ऑथेंटिकेशन के किसी दूसरे तरीकों पर विचार किया. इस समस्या को लेकर टेलीकॉम डिपार्टमेंट भी यूआईडीएआई से बातचीत कर रहा है.अरुण सुंदरराजन ने बताया कि इस विषय को लेकर सरकार गंभीर है और इससे निकलने के लिए दूसरे विचारों पर चर्चा हो रही है. उन्होंने बताया कि सरकार चाहती है कि नई प्रक्रिया के कारण लोगों को परेशान न होना पड़े. उन्होंने बताया कि हम चाहते हैं कि एक सरल प्रक्रिया के तहत ये काम हो, जिसमें उपभोक्ताओं को कम से कम समस्या का सामना करना पड़े. मालूम हो कि रिलायंस जियो ने केवल आधार कार्ड लेकर सबसे ज्यादा मोबाइल कनेक्शन बांटे हैं. जियो का पूरा डेटाबेस और नेटवर्क ऑपरेशन बायोमिट्रिक पहचान पर आधारित है.

# हुआ खुलासा, मजबूर हैं देश के 92 फीसदी महिलाएं 10 हजार से कम वेतन पर काम करने को

नई दिल्ली। देश में 92 प्रतिशत महिलाएं 10 हजार से कम की सैलरी पर नौकरी करती हैं तो वहीं, 82 फीसदी पुरुष भी 10 हजार से कम की तनख्वाह पर नौकरी करने को मजबूर हैं. इसका खुलासा हाल ही में जारी किए गए एक अध्ययन से हुआ है. अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने श्रम ब्यूरो के पांचवीं वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण (2015-2016) के आधार पर स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया- 2018 नाम की एक रिपोर्ट तैयार की है. इसी रिपोर्सेट से देश में नौकरी करने वाले पुरुष और महिलाओं की खराब आर्थिक स्थिति के बारे में पता चला है. इस रिपोर्ट के मुताबिक 2015 में राष्ट्रीय स्तर पर 67 प्रतिशत परिवारों की मासिक आमदनी 10,000 रुपये थी जबकि सातवें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) ने न्यूनतम वेतन 18,000 रुपये प्रति माह कर दी है. इससे साफ होता है कि भारत में एक बड़े तबके को मजदूरी के रूप में उचित भुगतान नहीं मिल रहा है. इस रिपोर्ट को तैयार करने वाले अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी में इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर अमित बसोले ने बताया, ये आंकड़े देश स्तर पर श्रम ब्यूरो के पांचवीं वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण (2015-2016) पर आधारित है. उन्होंने कहा, मेट्रो शहरों में इसकी स्थिति अलग होगी क्योंकि गांवों और छोटे शहरों की तुलना में इन शहरों में महिलाओं और पुरुषों की आमदनी अधिक है. रिपोर्ट में इस बात पर चिंता जाहिर की गई है कि विनिर्माण क्षेत्र में 90 प्रतिशत मजदूरों को न्यूनतम वेतन से भी नीचे की मजदूरी का भुगतान किया जाता है. असंगठित क्षेत्र की हालत और भी ज्यादा खराब है. स्टडी के मुताबिक तीन दशकों में संगठित क्षेत्र की उत्पादक कंपनियों में श्रमिकों की उत्पादकता छह प्रतिशत तक बढ़ी है, जबकि उनके वेतन में मात्र 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है.



# Xiaomi Redmi Note 5 Pro ख़रीदने पर मिलेगी 1500 रुपये का कैशबैक

नई दिल्ली। Xiaomi Redmi Note 5 Pro अभी तक का सबसे बेस्ट स्मार्टफोन है. फोन एआई डुअल कैमरा और हाई रेजॉल्यूशन फंट कैमरे के साथ आथा है. फोन की बैटरी 4000 एमएएच की है. तो अगर आप भी इस बेहतरीन स्मार्टफोन को खरीदने की प्लानिंग बना रहे हैं तो ये आपके लिए सही समय है. पेटीएम मॉल से इस फोन को खरीदने पर यूजर्स को 1500 रुपये का कैशबैक दिया जाएगा.



लेकिन यहां कुछ शर्तें हैं. डिवाइस को जैसे ही शिप किया जाएगा 1500 रुपये का कैशबैक आपके पेटीएम वॉलेट में क्रेडिट कर दिया जाएगा. वहीं कैशबैक पाने के लिए आपको केवाईसी करवाना होगा. फोन पर कैशबैक के अलावा एक्सचेंज ऑफर की भी सुविधा दी जा रही है।

# पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने स्विकार किया स्पॉट-फिक्सिंग का आरोप


नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिन गेंदबाज दानिश कनेरिया ने खुद पर लगे स्पॉट-फिक्सिंग के आरोप को स्वीकार कर लिया है. इस आरोप में दानिश के एसेक्स टीम के पूर्व साथी खिलाड़ी मेर्विन वेस्टफील्ड भी शामिल थे.पाकिस्तान के 37 वर्षीय पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी दानिश ने 'अल जजीरा' को दिए बयान में कहा, मेरा नाम दानिश कनेरिया है और मैं इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड द्वारा 2012 में मुझ पर लगाए गए दो आरोपों को स्वीकार करता हूं.दानिश ने कहा, मैंने खुद को बेहद मजबूत बनाते हुए यह फैसला लिया है, क्योंकि आप झूठ के साथ जीवन नहीं जी सकते.स्पॉट-फिक्सिंग के मामले में दानिश को 2010 में वेस्टफील्ड के साथ गिरफ्तार किया गया था लेकिन सबूतों की कमी के कारण दोनों को छोड़ दिया गया. इतने वर्षों में दानिश इन आरोपों से स्वंय को बचाते फिर रहे थे.



# फिर सस्ता हुआ तेल, दिल्ली में पेट्रोल 21 पैसे और डीजल 11 पैसे हुआ सस्ता

नई दिल्ली। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की ओर से तेल के दामों पर से एक्साइड ड्यूटी घटाने के बाद थोड़ी राहत मिली थी, मगर उसके बाद हर रोज जिस तरह से पहले की तरह पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ रहे थे, उससे लोग परेशान हैं. मगर गुरुवार को एक बार फिर से तेल कंपनियों की ओर से ग्राहकों को राहत मिली है. गुरुवार को एक बार फिर से तेल के दामों में कमी देखी गई है. पेट्रोल और डीजल के दामों में क्रमशः 21 पैसे और 11 पैसे की कमी देखने को मिली है. यानी पेट्रोल और डीजल क्रमशः 21 पैसे और 11 पैसे सस्ता हुआ है.

# वनडे सीरीज से पहले ही ये तूफानी बल्लेबाज हुआ बाहर, वेस्टइंडीज को लगा बड़ा झटका




नई दिल्ली/टीम डिजिटल। भारतीय टीम ने हाल ही में हुई टेस्ट सीरीज के दोनों मुकाबलों में विंडीज की टीम को जोरदार तरीके से धूल चटा दी है। इसके बाद इंडीज की नजरें एकदिवसीय सीरीज जीतकर बदला लेने की होगी। हालांकि यह इतना आसान नहीं है। भारत की टीम अपनी अपनी धरती पर खेलते हुए विश्व की सबसे घातक टीमों में शुमार है। इसके अलावा विंडीज को एक झटका और लगा है जिसमें टीम के तूफानी ओपनर एविन लुइस ने इस सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया है। दरअसल भारत और विंडीज के बीच 21 अक्टूबर से 5 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलनी है। इससे पहले ओपनर एविन लुइस ने व्यक्तिगत कारण बताते हुए सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया है। लुईस का बाहर जाना टीम के लिए बहुत बड़ा झटका साबित हो सकता है। लुईस को भारत में खेलने का अच्छा अनुभव है। उन्होंने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए बतौर सलामी बल्लेबाज खूब अच्छी पारियां खेली हैं। लुइस की जगह कायरन पॉवेल को वनडे में और निकोलस पूरन को टी 20 टीम में शामिल किया गया है।आपको बता दें कि इस वनडे सीरीज में ना तो क्रिस गेल है और ना ही पोलार्ड। अब लुइस के बाहर हो जाने की वजह से विडिंज टीम और भी कमजोर लग रही है। लुइस के अलावा टीम मैनेजमेंट अलजारी जोसेफ की चोट के कारण भी परेशान है इसी वजह से उन्होंने ओबेद मैककॉय को उनके रिकवर के तौर पर टीम में शामिल किया है।

## आज का राशिफल

मेषः गणेशजी कहते है कि आपका दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। परिजनों के साथ बैठकर आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर की साज-सज्जा में आपको परिवर्तन करने की इच्छा होगी।

वृषभः आज नए कार्य की प्रेरणा मिलेगी और आप उन्हें प्रारंभ कर पाएंगे। किसी धार्मिक स्थल की मुलाकात से आपका मन भक्ति मय हो जाएगा। लंबे प्रवास का योग है। दूर स्थित स्नेहीजन या मित्रों के शुभ समाचार मिलेंगे।

मिथुनः नकारात्मक विचारों से दूर रहने का सलाह गणेशजी देते हैं। ोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। व्यर्थ व्यय से बचें। खान-पान में उचित-अनुचित का विवेक रखें। आज कार्यभार अधिक हो सकता है।

कर्कः वैभवी जीवनशैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे ऐसा गणेशजी कहते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में आप को लाभ होगा। आरोग्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा या प्रवास का आयोजन कर सकेंगे।

सिंहः आपका आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाणी में संयम बरतें। दैनिक कार्य में विघ्न आ सकता है इसलिए कार्य को जल्द से जल्द संपन्न करने की कोशिश करें।

कन्याः आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज के दिन किसी भी तरह के कलह और चर्चा से दूर रहें। आकस्मिक खर्च की आशंका है। विद्यार्थियों को पढाई में बाधाएं आ सकती हैं।

तुलाः आपके लिए समय शुभ है। मन में संवेदनशीलता की मात्रा अधिक रहेगी। शारीरिक स्फूर्ति रहेगी। धन और कीर्ति की हानि ना हो, इसका ध्यान रखें। निर्धारित कार्यों को पूर्ण न करने से मन में हताशा हो सकती है।

वृश्चिकः आज पूरे दिन आप प्रसन्न रहेंगे। किसी नए कार्य का प्रारंभ कर पाएंगे। साथियों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। मित्रों व परिजनों से भेंट हो सकती है। किसी भी काम में आज आपको सफलता मिलेगी।

धनुः आपका दिन मिश्रित फलदायी है। मन दुविधा में फंसा रह सकता है। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण हो सकता है। रियल एस्टेट से सम्बंधित दस्तावेजी कार्य सावधानी से करें। प्रवास संभव हो तो टाल दें।

मकरः आज आपका प्रत्येक कार्य सरलता से पूर्ण होगा। कार्यालय तथा व्यावसायिक स्थल पर आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रमोशन के योग हैं। गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा।

कुंभः स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहें। मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। कोर्ट-कचहरी की झंझट में न पड़ें। अनुचित स्थान पर पूंजी-निवेश न हो, इसका ध्यान रखें। परिवार के सदस्य विरोधी व्यवहार कर सकते हैं, संभल कर रहें।

मीनः गणेशजी कहते हैं कि आज आप पारिवारिक तथा सामाजिक बातों में विशेष लिप्त रहेंगे। मित्रों से भेंट होगी और उनके पीछे खर्च हो सकता है।

# मां सिद्धिदात्रीः नवदुर्गा की नौवीं शक्ति की पावन कथा



**या देवी सर्वभू तेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

अर्थ : हे मां! सर्वत्र विराजमान और मां सिद्धिदात्री के रूप में प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूं । हे मां, मुझे अपनी कृपा का पात्र बनाओ।

मां दुर्गाजी की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्रि-पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी आज से, भारत का पहला मैच ओमान से

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच में गुरुवार को मेजबान ओमान से भिड़ेगी. गत विजेता भारत के लिए यह मैच लय हासिल करने के लिहाज से काफी अहम होगा. टीम का हालिया प्रदर्शन निराशाजनक रहा है. उसे एशियन गेम्स में कांस्य पदक से संतुष्ट होना पड़ा था. ऐसे में सुल्तान काबूस स्पोटर्स कॉम्पलेक्स में होने वाला यह मैच भारत के लिए आत्मविश्वास हासिल करने के नजरिए से अहम है.



भारत ने करीब दो महीने पहले ओमान को 7-0 से मात दी थी. यह मुकाबला इंडोनेशिया के जकार्ता में खेले गए एशियन गेम्स में हुआ था.

## सूजी के रसगुल्ले बनाने की आसान विधि



आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप लोग घर पर सूजी के रसगुल्ले बना सकते हैं। मीठा खाने के शौकीन लोगों को सूजी के रसीले रसगुल्ले बेहद पसंद आएंगे। तो आइए जाने इसे बनाने की खास विधि के बारे में। इसके लिए सामग्री में 1 सूजी, 2 बड़ा चम्मच देसी घी, 1 बड़ी कटोरी दूध, 3 बड़ी चम्मच चीनी, आधा कप बारीक कटे ड्राई-फ्रूट्स, पानी जरूरत के अनुसार। इसमें सजावट के लिए आप 1 छोटा चम्मच बारीक कटा पिस्ता और चुटकीभर केसर भी ले सकते हैं।

1.. इसे बनाने के लिए सबसे पहले मीडियम आंच में एक पैन में दूध और चीनी डालकर उबालने के लिए रखें। धीरे-धीरे कड़छी से चलाते हुए सूजी डालें ताकि कोई गांठ न पड़े। (बचे हुए चावल से बनाएं रसगुल्ले)

2.. कड़छी से लगातार चलाते रहें जब तक सूजी पूरी तरह से गाढ़ी न हो जाए। सूजी के ठोस होते ही आंच बंद कर दें और इसे ठंडा होने के लिए रख दें। सूजी के ठंडे होते ही इसे हथेलियों से बीच रखकर हल्का सा चपटा कर लें, हथेलियों पर घी लगाकर इसे चिकना जरूर कर लें।

3.. अब सूजी के बीचों-बीच ड्राई-फ्रूट्स भरें और गोलाकार देते हुए रसगुल्ले बना लें। मीडियम आंच में एक पैन में चीनी और पानी डालकर चाशनी तैयार कर लें। चाशनी के तैयार होते ही रसगुल्लों को चाशनी में डालें और ढककर 2 से 3 मिनट तक पकाएं।

4.. तय समय के बाद आंच बंद कर दें, तैयार है सूजी के रसगुल्ले। बारीक कटे पिस्ते और चुटकीभर केसर से गार्निश कर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-63

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 62 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू-दोकू-63

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.62 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |